हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

करतला, कटघोरा और पाली में खेल विभाग को स्टेडियम के लिए नहीं मिल रही जमीन

2



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# स्टोर में रखे-रखे एक्सपायर हो गई मरीजों को मुफ्त बांटने वाली कीमती दवाइयां

## सक्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल, शासन को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मरीजों को मुफ्त में बांटने वाली दवाईयां स्टोर रूम में रखे-रखे एक्पायर हो गई। बताया जाता है कि इसे जिला अस्पताल सहित जिले के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को मुफ्त में वितरण करना था, लेकिन समय पर इसका वितरण नहीं हो सका। ऐसे में जहां शासन को लाखों का चूना लग गया, तो वहीं विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है।

जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और मनमानी इन दिनों सुर्खियों में है। मामला सरकारी अस्पताल में मुफ्त में बंटने वाले लाखों की दवाईयों के एक्सपायर होने का है। शासन द्वारा बड़ी मात्रा में दवाओं की सप्लाई सरकारी अस्पतालों में की जाती है। इसके लिए लाखों करोडों का बजट स्वीकृत होता है। बताया जाता है कि सक्ती जिले में शासकीय अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को निःशुल्क वितरण करने के लिए बड़ी मात्रा में दवाईयां भेजी गई थी,जिसे जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टोर कराया गया था। नियमानुसार इन दवाईयों का वितरण जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाना था, लेकिन जिम्मेदार अफसरों एवं संबंधित विभाग के प्रभारी की लापरवाही और मनमानी के चलते दवाओं की पूरी खेप एक्सपायर हो गई। किसी ने समय पर इसके वितरण का ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण स्टोर रूम में रखी दवाईयां कालातीत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, पिछले साल बड़ी खेप में दवाइयां जिला अस्पताल पहुंची थीं। इन्हें जिले के प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक भेजना था, लेकिन महीनों तक गोदाम में ही छोड़ दिया गया। नतीजा एक्सपायरी डेट गुजर गई और करोड़ों का स्टॉक कचरे में बदल गया। सवाल तो विभाग की कार्यशैली पर तब और उठने लगे जब लाखों की दवाईयों के एक्सपायर होने के मामले में जिम्मेदारों ने कही कोई ध्यान नहीं दिया। बताया जाता है कि इसको लेकर जिम्मेदार अमला अभी तक हाथ पर हाथ बैठा है। मामले में कार्रवाई और किसी की जिम्मेदारी तय होना तो दूर तरीके से इस मामले की जांच कराने तक की पहल नहीं हो सकी है। इधर दवाओं के खेप के एक्सपायरी होने की चर्चा शहर सहित जिले में हो रही है और कई तरह के सवाल उठने लगे है।



### पुरानी है दवाइयां

जो दवाईयां एक्सपायर हुई है वह दो साल पहले की सप्लाई है, तब यहां का संचालन अविभाजित जांजगीर जिले से होता था। मैं तो अभी हाल ही में पदस्थ हुई हूं, ज्यादा जानकारी नहीं है।

**-डॉ. पूजा अग्रवाल,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सक्ती

## कृषकों को सता रहा खेती बाड़ी कार्य पिछड़ने का डर

# सोसायटियों में खाद पहुंचते ही टूट पड़ी किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सेवा सहकारी समितियों में खाद पहुंचते ही उसे लेकिन किसानों की भीड़ टूट पड़ी। सबसे ज्यादा परेशानी यूरिया खाद को लेकर बनी हुई है। ऐसे में खाद मिलने के बाद किसानों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली है।

जिले के किसान इस समय खेती के लिए यूरिया को लेकर काफ़ी ज्यादा परेशान हैं। दो दिन पहले ही जिले के सभी सोसायटी में यूरिया से लोडिंग गाड़ी सोसायटी पहुंची। जैसे ही सोमवार 1 सितंबर को सेवा सहकारी समिति सिवनी का कार्यालय खुला। किसानों ने चारों तरफ से घेर लिया और खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया देने की मांग सेवा सहकारी मर्यादित समिति से करने लगे। जिले में इस बार किसानों को खेती के लिये सोसायटी में सेवा सहकारी मर्यादित समिति द्वारा दी जाने वाली यूरिया, डी ए पी, पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। वहीं उन्हें प्रति बोरी यूरिया निजी दुकानों से एक हजार से बारह सौ रूपये में खरीदना पड़ा। किसानों के परेशानी और अधिक दाम में निजी दुकानों द्वारा यूरिया बेचे जाने के विरोध तथा प्रशासन के प्रति किसानों के आक्रोश को देखते हुए जिले के सभी सोसायटी में यूरिया की जिस मात्रा में भेजा गया है। वह पर्याप्त नहीं है। ऐसे में एक ओर जहाँ खेती में यूरिया की पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ सोसायटी अर्थात सेवा सहकारी मर्यादित समिति के अधिकारी और पदाधिकारी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि जिले के सोसायटी में किसानों के लिए यूरिया नहीं है और निजी दुकानों में किसानों को अधिक दाम में बेचने के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया है। किसानों ने यह भी बताया कि कई सोसायटी में कार्यरत कर्मचारी और सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारियों के पास उनके आवश्यकता से कही अधिक यूरिया रखा है और वे किसानों को गुपचुप तरीके से अधिक दामों पर बेच रहें हैं।




सेवा सहकारी समिति खाद लेने टूट पड़ी किसानों की भीड़

### तीन संचालकों को थमाया नोटिस

**सक्ती।** कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खाद दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीओएस एवं भौतिक स्टाफ में भिन्नता पाए जाने पर 3 फर्म संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। कृषि विभाग के उप संचालक के मार्गदर्शन पर सोमवार 1 सितंबर को हसौद में संचालित मेसर्स उदय ट्रेडर्स, झरप में संचालित लहरे कृषि केन्द्र एवं देवरघटा में संचालित भानू किसान समृद्धि केन्द्र का विक्रय स्थल पर जाकर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीओएस स्टाफ एवं भौतिक स्टाफ में भिन्नता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

### खाद की किल्लत, किसान पहुंचे एसडीएम दफ्तर

**डभरा।** खरीफ़ फसल के खाद लिए पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। दूसरी तरफ खाद की कालाबाजारी बदस्तूर जारी है जिसको लेकर गुस्साए सैकड़ों किसान किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में सोमवार 1 सितंबर को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए उग्र आंदोलन की धमकी दिए हैं। पूरे क्षेत्र में खाद की किल्लत बनी हुई है, जो यूरिया खाद सोसायटी में 266 रुपए में मिलती है उसे 1200 रुपए में खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं। किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नरेश चंद्रा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है और ज्ञापन में कहा गया है कि चौबीस घंटे अंदर अगर किसानों को यूरिया खाद नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नरेश चंद्रा ने कहा कि किसानों के लिए एक एक दिन भारी पड़ रहा है। किसानों के पास उग्र आंदोलन करने का मन बना रहे है। इस अवसर पर गोबरा सरपंच सिदार सिंह, चुरतेला सरपंच प्रतिनिधि ध्रुवा बघेल, उप सरपंच प्रकाश चंद्रा,जनपद सदस्य महेश टंडन, कुंजबिहारी चंद्रा,घनश्याम चंद्रा, हुलेश चंद्रा, पीतांबर चंद्रा, रवि सिदार, आत्मा मीरी, भीष्मदेव चंद्रा, परदेशी साहू, रतिराम बघेल उपस्थित थे।

# महिला बाल विकास कार्यालय का टूटा ताला, दस्तावेज से छेड़छाड़ की आशंका

## परियोजना अधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

ब्लाक मुख्यालय बम्हनीडीह में स्थित महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय का ताला टूटा पाया गया है। वहीं दस्तावेजों से छेडछाड़ की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर परियोजना अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध मे बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार और रविवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने पेट्रोल पंप खपरीडीह में स्थानांतरित किए गए महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय का ताला तोड़ दिया। सोमवार 1 सितंबर की सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुँचे तो टूटा हुआ ताला देखकर हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना परियोजना अधिकारी को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए परियोजना अधिकारी ने थाना प्रभारी बम्हनीडीह को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि यह मामला महज़ चोरी का प्रयास नहीं बल्कि कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों से छेड़छाड़ का हो सकता है। आशंका जताई जा रही है कि कार्यालय में रखी फाइलों और रिकॉर्ड को निशाना बनाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई केंद्रों में बिना कार्य किए ही कागज़ों में मरम्मत पूरी दिखा दी गई, बिना तकनीकी मूल्यांकन, सत्यापन के ही लाखों का भुगतान परियोजना अधिकारी द्वारा अपने चहेतो को कर दिया गया है। इसी संदर्भ में यह घटना भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेज़ों को नष्ट करने या गायब करने की साजिश के रूप में भी देखी जा रही है। घटना के बाद से महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी भी दहशत में हैं। उनका कहना है कि यदि यह साधारण चोरी होती तो चोर पैसे या अन्य सामान ले जाते, लेकिन यहाँ मामला कुछ और ही प्रतीत हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ताले टूटने के बावजूद कार्यालय से किसी बड़े सामान या नकदी के गायब होने की पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

इस संबंध में बम्हनीडीह थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह का कहना है कि महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय के ताला तोड़ने की कोशिश की गई है। मामले में सूचना मिली है जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।



कार्यालय का खुला आलमारी।

## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 4 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार 4 सितंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक जी.एस.एम.आर. सोलर प्राइवेट लिमिटेड,जांजगीर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 20 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी उत्तीर्ण निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 15 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विविध प्रतियोगिता

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, निबंध, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, शपथ कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उप संचालक समाज कल्याण पवन कोसमा ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में आर्यान वैष्णव एवं साथियों द्वारा नशापान के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कु. वैभवी सिंह एवं उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में परमेश्वर कक्षा 11वीं प्रथम, निशा साहू कक्षा 12वीं द्वितीय तथा उमाशंकर साहू कक्षा 12वीं तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में जीतू श्रीवास कक्षा 10वीं प्रथम, खुशी देवांगन कक्षा 9वीं द्वितीय एवं लवली कक्षा 10वीं तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्त भारत बनाने, स्वयं नशापान से दूर रहने तथा नशा करने वालों को नशा छोड़ने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली ।

### समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सभाकक्ष में 3 सितंबर को सांसद की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले दिशा समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बुधवार 3 सितम्बर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली दिशा समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। बैठक की आगामी तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

# डीजल चोरों का गढ़ बना बलौदा पंतोरा क्षेत्र

**जांजगीर-चांपा।** कोरबा जिले से लगा हुआ बलौदा और पंतोरा क्षेत्र इन दिनों डीजल चोरों का गढ़ बनकर रह गया है। यहां न केवल लाइन पर चलने वाली गाड़ियों से डीजल निकाल कर बेचने का धंधा बेखौफ हो रहा है, बल्कि कोरबा क्षेत्र से भी चोरी के डीजल को टैंकर में भरकर लाने और बेचने का काम होता है। ऐसा भी नहीं है, कि इसकी जानकारी जिम्मेदार पुलिस को ना हो, बावजूद इसके इनके खिलाफ आज तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले का बलौदा और पंतोरा क्षेत्र डीजल चोरी के मामलों को लेकर लगातार सुर्खियों में रहा है। इसको लेकर पुलिस कप्तान ने भी बलौदा और पंतोरा के प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए डीजल चोरी की वारदातों पर रोक लगाने कहा है,लेकिन जिम्मेदार पुलिस की लापरवाही के चलते यह पूरा क्षेत्र डीजल चोरों का सुरक्षित ठिकाना बनकर रह गया है। जानकार तो यहां तक बताते हैं कि इस क्षेत्र में चलने वाले चार पहिया छह पहिया और अन्य अधिकांश गाड़ियां इसी डीजल के भरोसे रहते हैं। इस कार्य में सक्रिय लोग न केवल दोपहिया और चार पहिया वाहनों में चोरी के डीजल को बिना किसी डर भय के दोपहिया और चार पहिया वाहन मे खुले आम लाना ले जाना करते हैं, बल्कि टैंकरों का उपयोग भी किया जाता है। हजार दो हजार लीटर की क्षमता वाले चार पहिया वाहनों का टैंकर इस क्षेत्र में रात्रि के समय में अक्सर इसी कार्य में लगा होता है। सूत्र बताते हैं कि डीजल चोरी का यह गोरख धंधा बलौदा थाना क्षेत्र में सर्वाधिक होता है। यह पूरा कारोबार पुलिस के बिना संरक्षण के संभव नहीं है।

इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष तंबोली का कहना है कि क्षेत्र में डीजल चोरी के मामले सामने आने पर नियमों के तहत कार्रवाई होगी।

# तीन अलग-अलग जगहों पर चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर चोरी करने वाले कर आरोपियों को अकलतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अकलतरा क्षेत्र के बजरंग चौक ओव्हर ब्रीच के नीचे सुनील किराना स्टोर से 26 अगस्त की रात्रि में दुकान के सटर का ताला तोड़कर नगदी, चिल्हर पैसा, 5 टिपा तेल को किसी अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर ले जाने की सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया था। मुखबिर सूचना के आधार पर रवि निर्मलकर उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 अकलतरा, साहिल बिछिया ऊर्फ भोला उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं 14 अकलतरा, प्रकाश यादव उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नं 14 अकलतरा को हिरासत मे लेकर पूछताछ की। तीनों बंजरंग चौक के पास गये वहाँ सुनील जैन के किराना दुकान के सटर के ताला को राड से तोडकर दुकान के अंदर घुसकर चिल्हर सिक्का करीबन कर 5 हजार रूपये एवं नगदी रकम 18 हजार रूपये तथा पांच टिपा तेल को चोरी करना व पुरानी सब्जी मंडी के पास आकर चोरी का सामान व पैसा का बटवारा करना स्वीकार किया एवं प्रकरण के आरोपी रवि निर्मलकर ने पूर्व में भी दिनांक 15 जुलाई को सुमीत तान्द्रें के साथ मिलकर आत्मानंद स्कूल अकलतरा में लगे एसी का बाहरी हिस्सा को भी चोरी करना बताने पर ,सुमीत तान्द्रे उम्र 20 वर्ष को भी हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया एवं कोटमी सोनार के मंदिर में दान पेटी से हुए नगदी रकम चोरी का अपराध स्वीकार करने पर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।




## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हर महीने की पहली तारीख को होता है सम्मान

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले जवान व नागरिक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद सहित अन्य कार्यो को लेकर उत्कृष्ट सेवा करने वाले 30 पुलिसकर्मियों सहित 40 लोगों को पुलिस कप्तान ने प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 गणमान्य नागरिक सहित 30 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा सोमवार 1 सितंबर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट पुलिसकर्मी पुरस्कार प्रत्येक माह की 1 तारीख को माह भर में अच्छे एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ उनकी सेवा पुस्तिका में प्रशंसा भी अंकित की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले रमेश दास महंत निवासी सोनियापाठ थाना सारागांव, साधराम साहू निवासी गोधना थाना नवागढ़ दोनों व्यक्तियों के द्वारा सारागांव क्षेत्र के हाइवे रोड में सड़क दुर्घटना होने से घायल हो जाने से स्वयं अपने कार में बैठाकर त्वरित उपचार के लिए बीडीएम अस्पताल चांपा लाकर इलाज हेतु भर्ती कराना। भूपेंद्र कुमार साहू निवासी सिलादेही थाना बिर्रा ढाबा संचालक के द्वारा बैग से भरा 1 लाख को उनके मालिक को वापस करना। मुनीराम साहू निवासी पोड़ीशंकर थाना बम्हनीडीह के द्वारा पोड़ी चौक बम्हनीडीह में सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग करना। अमित कुमार बंजारे, विष्णु प्रसाद, अश्वनी लहरें तीनों निवासी करूमहु थाना मुलमुला तीनों व्यक्तियों के द्वारा अकलतरा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना होने से घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में इलाज हेतु भर्ती कराना। अतुल शर्मा निवासी चांपा, जयेश साहू निवासी चांपा, प्रदीप यादव द्वारा चांपा के सिद्धि विनायक मंदिर में हुए चोरी के मामले में आरोपियों की पातासाजी में सहयोग करना। उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 30 पुलिस कर्मियों जिसमें जिले के सायबर टीम जिसके द्वारा लुट, चोरी, हत्या के मामले में आरोपियों की पातासाजी कर पकड़ना जिसमें निरीक्षक सागर पाठक सहित 10 अधिकारी एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय

# मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जैजैपुर।** मवेशियों को क्रुरतापूर्वक परिवहन करने वाला आरोपी को जैजैपुर पुलिस ने कचंदा बाजार के पास गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सारसडोल मालखरौदा निवासी ईश्वर चन्द्रा पिता रघुवर चन्द्रा बाजार के पास ग्राम कचंदा में परिवहन करने के उद्देश्य से अपने महिन्द्रा पीकप क्रमांक सीजी 11 एडब्ल्यू 8717 में अवैध रूप से मवेशियों को भर रहा है। पुलिस ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी फिर उनके मार्गदर्शन में मवेशियों को क्रुरतापूर्वक परिवहन करने वाले आरोपी के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश मिलने पर तत्काल टीम गठित कर ग्राम कचंदा पहुंची। वहां एक सफेद रंग की महिन्द्रा पीकप वाहन क्रमांक सीजी11 एडब्ल्यू 8717 में 2 मवेशी मिले। आरोपी द्वारा मवेशी को पीकप में भरने के संबंध में कोई वैध कागजात नहीं दिखाने पर आरोपी ईश्वर चन्द्रा को धारा 4, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि 2004, की धारा 11 पशुओ के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया की स्पर्धा का सांसद ने किया शुभारंभ



**कोरबा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ करने पहुंचे राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह का शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में सीएसईबी गेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, दिलेंद्र यादव, मनीष मिश्रा, मनोज लहरे, पार्षद हितानंद अग्रवाल, अजय चंद्रा, जिला सह मीडिया प्रभारी पवन सिन्हा, लक्की नंदा, अजय विश्वकर्मा, अनिल वस्त्रकार, गोपलाल राठिया, भरत सोनी, उदय सिंह, युगल केवट, नीरज ठाकुर, चंदन सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित यह महोत्सव युवाओं को खेलों से जोड़ने का प्रेरणादायी अवसर है।

### रामकथा महोत्सव का आयोजन 22 से

**कोरबा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां भवानी मंदिर परिसर में 22 सितंबर से 30 सितंबर तक श्री राम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। साथ ही मानस मंदिर का भव्य लोकार्पण पद्म विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य पूज्य रामभद्राचार्य महाराज के करकमलों से होगा। मानस मंदिर का निर्माण पूज्य माताजी ज्योति पांडे, चंद्रकिशोर पांडेय, पुत्र मोहन के संकल्प से पूरा हो पाया है। यह मंदिर माता कौशल्या के गोद में बैठे प्रभु श्री राम की अद्भुत छवि है। इस मंदिर के दीवारों में रामचरित मानस के श्लोक और चौपाइयां उकेरी गई है, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है और यह मंदिर भारत का पहला मंदिर होगा। यह मंदिर आध्यात्मिक शांति और भक्ति के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल होगा, जो आगंतुकों को रामायण की आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ेगा यह एक आस्था का केंद्र होगा।

### ड्रेगन मार्शल आर्ट के बॉक्सर्स ने दिखाया दमखम

**कोरबा।** थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नेशनल थाई बॉक्सिंग कैडेट, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर प्रतियोगिता बनारस में 29 से 31 अगस्त तक सनबीम स्कूल वाराणसी में आयोजित हुई। जिसमें सभी राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ी इस प्रतियोगता में भाग लिये। जिसमें पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ की टीम इसमें भाग लिये। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक प्रसाद के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से कुल 86 खिलाड़ी, 10 ऑफिसियल, 1 रिप्रेजेंटेटिव, 1 टीम कोच और 1 मैनेजर इसमें शामिल हो रहे। जिले के ड्रैगन मार्शल आर्ट एकेडमी से कुल 10 बॉक्सर्स 4 ऑफिसियल की टीम रही। जिसमें रजल चक्रवती 28 किलो, आयुष उरांव 32 किलो, अथर्व शर्मा 48 किलो, हर्ष यादव 50 किलो, शेन एलेक्स 55 किलो, आराध्या श्रीवास 63किलो, हर्षिता केवट 30 किलो, सामद्रिता चक्रवर्ती 55 किलो, दीपक रोहिदास 52 किलो, अनुज अग्रवाल 58 किलो, अभय यशवर्धन 55 किलो, निखिल 72 किलो, अभिषेक तिवारी 85 किलो में अपना दमखम दिखाए।

### एनसीसी के पांच कैडेट्स का थल सेना कैंप के लिए चयन

**कोरबा।** पीजी कॉलेज की नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) इकाई के पांच कैडेट्स का चयन थल सेना कैंप के लिए हुआ है। इसमें कैडेट ऋषभ यादव, राकेश साहू, नेहा पटेल, राजाराम, शशि रानी शामिल हैं। ये सभी दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कैंप में भाग लेंगे।

# करतला, कटघोरा और पाली में खेल विभाग को स्टेडियम के लिए नहीं मिल रही जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा स्टेडियम बनाने की तैयारी राज्य शासन से मिले दिशा निर्देश के तहत की जा रही है ताकि ग्रामीण अंचल के खेल प्रतिभाओं को अपनी खेल प्रतिभा को सामने लाने का मौका मिल सके। किंतु अब तक खेल विभाग को करतला, कटघोरा और पाली ब्लॉक में स्टेडियम के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में ही जमीन के चयन का काम किया गया है।

ग्रामीण अंचलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए अब स्टेडियम बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। बड़े खेल मैदान नहीं होने के कारण खेलो इंडिया और शालेय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हो पाता था केवल ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताएं ही स्कूल के खेल मैदान में संपन्न कराई जाती थी। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। इसके अलावा खिलाड़ियों को सतत प्रशिक्षण के लिए भी उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाता था। जो भी प्रशिक्षण का काम होते थे वह स्कूल के मैदान में ही संपन्न होते थे। खिलाड़ियों की समस्या को देखते हुए राज्य शासन ने जिले के सभी विकासखंड में खेल स्टेडियम स्वीकृत किया है और इसके लिए 5 एकड़ की जमीन स्वीकृत की गई है। शासन के योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए खेल विभाग के द्वारा बीते जून माह से जमीन चयन के काम को लेकर कार्यवाही शुरु की गई थी और अब तक केवल कोरबा ब्लॉक के बरपाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम सिंधिया में ही राजस्व विभाग ने ही जमीन चिन्हांकन का कार्य पूरा किया है। इसके अलावा करतला, कटघोरा और पाली ब्लॉक में अब तक खेल विभाग को जमीन नहीं मिल सकी है। इसके पीछे जो कारण सामने आया है ।

## वन एवं बड़े झाड़ के जंगल की जमीन बन रही है बाधा

**खास बातें**

- अब तक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में ही मिली है जमीन



**खोज रहे जमीन**

खेल युवा कल्याण विभाग को स्टेडियम के लिए बरपाली और सिंधिया में जमीन मिल गई है। करतला, कटघोरा और पाली में वन भूमि एवं बड़े झाड़ की जंगल की भूमि होने के कारण जमीन मिलने में दिक्कत हो रही है।

-दीनू पटेल, खेल अधिकारी, खेल युवा कल्याण विभाग

## कचरा डंपिंग यार्ड से 500 मीटर दूर है प्रस्तावित स्थल

# मास्टर प्लान तैयार, बरबसपुर में ही बन सकता है नया ट्रांसपोर्ट नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

आखिरकार नए ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर जारी असमंजस की स्थिति अब खत्म होने जा रहा रही है। लंबी चर्चा और विचार विमर्श के बाद जिला प्रशासन बरबसपुर में ही नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की योजना पर काम कर रहा है। नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने बरबसपुर में प्रस्तावित स्थल का दौरा किया। इस दौरान टीम ने अपने ड्राइंग डिजाइन से नए ट्रांसपोर्ट नगर के लिए चिन्हित स्थल का मिलान किया।

बरबसपुर में जिस स्थान पर नया ट्रांसपोर्टनगर बसाने की योजना पूर्व में बनाई गई थी, उसी क्षेत्र में नगर निगम का कचरा डंपिंग यार्ड भी है। नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार डंपिंग यार्ड से 200 मीटर से 500 मीटर की दूरी में किसी भी प्रायोजन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अब जिला प्रशासन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल की गाइड लाइन का पालन करते हुए नए ट्रांसपोर्टनगर के थोड़ा स्थान परिवर्तन कर रहा है। ताकि कानूनी प्रवधान का पालन हो सके और नया ट्रांसपोर्ट नगर भी बस जाए। पूर्व की राज्य सरकार में जब नए ट्रांसपोर्ट नगर को बसाने पर कोरबा से रायपुर तक मंत्रियों के बीच टकराव चल रहा था, तब जिला प्रशासन ने भुलसीडीह में 42 एकड़ सरकारी जमीन को चिन्हित किया था। इसके लिए आम सूचना का प्रकाशन कर लोगों से दावा आपत्ति भी मंगाया गया था। इस पर मेडिकल कॉलेज की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई। प्रशासन ने मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। तब यह मामला अधर में लटका हुआ है। हालांकि अभी इस मसले को लेकर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं, लेकिन नए ट्रांसपोर्टनगर को लेकर निगम के भीतर हलचल शुरू हो गई है। यह तेजी तब आई है जब हाल के दिनों में कई मौकों पर श्रम एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अब बरबसपुर का नाम सामने आने से एक बार फिर चर्चा है कि जिला प्रशासन इस क्षेत्र में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की योजना पर काम कर रहा है। नया परिवहन नगर बरबसपुर में बसाने के लिए पांच साल पहले भूमिपूजन किया गया था। आशय की सूचना राजपत्र में प्रकाशित भी करवाया गया सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किए गए हैं। बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्टनगर बसाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

### 42 एकड़ जमीन चिन्हित

कोरबा में नया ट्रांसपोर्टनगर कहां बना जाए इसके लिए समय-समय पर बैठकें हुई हैं। पूर्व में कांग्रेस की सरकार की सरकार में कोरबा में एक बैठक हुई थी। इसमें तत्कालीन सांसद, महापौर एवं अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग और प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने का निर्णय लिया गया था। बैठक में लिए गए निर्णय को कोरबा के मास्टर प्लान में शामिल करते हुए बरबसपुर में 72 एकड़ भूमि का आवंटन नगर निगम को किया जा चुका है। योजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रथम चरण में 42 एकड़ और दूसरे चरण में शेष 30 एकड़ जमीन पर कार्य होना है।

# बाल संप्रेक्षण गृह के कोहड़िया भवन में शिफ्ट होने के दो दिन बाद 4 किशोर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के नये थाने भवन से कोहड़िया के बाल संप्रेक्षण गृह के नये भवन में शिफ्ट किये जाने के बाद चार अपचारी बालक उद्घाटन के कुछ घंटे बाद ही फरार हो गए। इसके पूर्व जब रिस्दी से बाल संप्रेक्षण गृह को बालको को नये भवन में शिफ्ट किया गया था उस दौरान भी चार अपचारी बालक फरार हो गए थे। इस तरह से लगातार सुरक्षा में लापरवाही की दूसरी बार घटना उजागर हुई है।

**खास बात**

- एक माह पूर्व बालको थाने के सामने भवन से भी हुए थे फरार

महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल संप्रेक्षण गृह को कुछ दिन पूर्व ही कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पीछे बाल संप्रेक्षण गृह के भवन में शिफ्ट किया गया था। इस दौरान शिफ्ट होने के कुछ घंटे बाद ही 4 अपचारी बालक के फरार होने की घटना सामने आई है। बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने विभाग को पत्र लिखकर गृह को जल्द से जल्द कहीं और शिफ्ट करने को कहा था। बता दें कि रिसदी के इस भवन से भी कई बच्चे फरार हो चुके हैं और इनमें से कुछ तो अब तक पकड़ में नहीं आ सके हैं। बाल आयोग अध्यक्ष के निर्देश पर नए भवन की तलाश शुरू हुई और सालों पहले बालको थाने के लिए बनाये गए भवन को इसके लिए चुना गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विभाग के फण्ड एवं डीएमएफ से मिली रकम से कुल 25 लाख रुपयों का इंतजाम किया और बालको द्वारा निर्मित इस बंद पड़े भवन का जीर्णोद्धार किया गया। इसके बाद रिसदी से बच्चों को यहां शिफ्ट किया गया। जून के आखिरी सप्ताह में यह भवन शिफ्ट हुआ और उसी रात को दो बाल अपराधी बाथरूम का रौशनदान तोड़कर फरार हो गए। बाल सम्प्रेक्षण भवन को यहां शिफ्ट हुए दो महीने भी नहीं बीते थे कि जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने कोहड़िया में निर्मित होने के बाद से बेकार पड़े शासकीय भवन में जल्द से जल्द बाल सम्प्रेक्षण गृह को शिफ्ट करने का निर्देश दिया था।

# एनएच में टोल प्लाजा के लिए लाए गए थे इलेक्ट्रानिक सामान, सुरक्षा कर्मियों ने ही की थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उरगा चांपा रोड में संचालित टोल प्लाजा में इलेक्ट्रानिक सामानो को इंस्टाल करने के लिए बाहर से सामान मंगाया गया था जिसे स्टोर पर रखा गया था जिसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारी भी तैनात किए गए थे। उन्हीं सुरक्षा कर्मियों ने स्टोर रुम का ताला तोड़ दिया और वहां रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली थी और उसे खपा दिया था। जब चोरी का मामला सामने आया तो पुलिस की टीम हरकत में आयी और पुलिस ने स्टोर में चोरी करने वाले सुरक्षा कर्मियों व खरीददार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मूलतः बिहार औरंगाबाद निवासी परशुराम शर्मा उम्र 55 वर्ष पिता बजरंगी शर्मा ने उरगा थाने में 30 अगस्त के रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उरगा चांपा रोड में संचालित एलएचएस टोल प्लाजा में इलेक्ट्रानिक सामान की फीटिंग का कार्य चल रहा है वही पर एक कमरे में इलेक्ट्रानिक सामान रखा गया है। 28 अगस्त की रात्रि को वहां पर यूनाईटेट कंपनी के तरफ से सुरक्षाकर्मी विशाल काशी, विष्णु यादव, अजय कुमार नामदेव को स्टोर रूम की सुरक्षा कार्य में लगाया गया था जिनके द्वारा रात में लगभग 9 बजे स्टोर रूम का ताला तोड़कर वहां पर रखे कम्प्यूटर के डिस्पले को चोरी कर उरगा निवासी बबलू पाटले उर्फ देवेन्द्र पाटले के पास 15 सौ रुपए में बिक्री कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### एल्युमिनियम केबल की चोरी, तीन गिरफ्तार




उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पताढ़ी स्थित अडानी पॉवर प्लांट के डिप्टी जीएम मणीकांत झा उम्र 50 वर्ष पिता देवेन्द्र प्रसाद झा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम कनकी में पावर सप्लाई एल्मुनियम केबल तार लगाया गया था जिसे कुछ अज्ञात चोरो ने 8 मार्च की रात्रि में 100 मीटर लगभग एल्मुनियम केबल तार को चोरी कर ले गये है तथा 4 किलोमीटर एल्मुनियम केबल तार को काट कर गिरा दिया था जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस बीच उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कनकी से चोरी हुई एल्मुनियम केबल तार को सीतामणी निवासी प्रभुराज पटेल अपने अन्य साथी के साथ चोरी कर सुखराम पटेल व सूरज कुमार वर्मा को बेचकर अफरा-तफरी किये हैं। साथ ही मामले में फरार अन्य आरोपीगण वीर सिंह चौहान, संतोष वर्मा उर्फ बांगो, निखिल यादव एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के संकुनत पर जाकर पतासाजी किया गया जो अपने घर पर मिले। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### चोरी हुआ ट्रेलर झारखंड से बरामद, आरोपी फरार

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत विवेक कंस्ट्रक्शन के एचआर हरेन्द्र कुमार यादव उम्र 33 वर्ष पिता रास बिहारी यादव ने 29 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि यह विवेक कन्सट्रक्शन में एचआर का काम करता है। विवेक कन्सट्रक्शन के नाम से ट्रेलर गाड़ियां फ्लाई एश की ढुलाई में चलती है। जो ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 8144 धनरास छुरी थाना कटघोरा फ्लाई एश डैम से विश्रामपुर माइंस, दुर्ग आरंग भारतमाला परियोजना में चलती है। जो उक्त ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 8144 को चालक उपेन्द्र पाल पिता केशो पाल उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड 06 ग्राम बघमनवा पोस्ट थाना विश्रामपुर जिला पलामू (झारखण्ड) का चला रहा था। जो उक्त ट्रेलर को 29 अगस्त की रात्रि लगभग 12:30 बजे विवेक कन्सट्रक्शन रूमगड़ा बालको नंदबाग साइड ऑफिस में गाड़ी खड़ी थी। गाड़ी की चाबी चालक उपेन्द्र पाल के पास थी। 29 अगस्त की सुबह करीबन 5 बजे मैनेजर विकास गौड़ के द्वारा फोन से सूचना दिया गया कि उक्त ट्रेलर साइड में नहीं खड़ी है। उपेन्द्र पाल उक्त ट्रेलर को चोरी कर ले गया है। हरेंद्र ने शंका जताई थी कि उपेन्द्र पाल एवं दो दिन पूर्व ड्रायवरी से निकाले गये ड्रायवर अनिल कुमार यादव, सुनील यादव तीनों मिलकर उक्त ट्रेलर को चोरी कर ले गये है।

# अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बेजाकब्जा हटाते हुए निगम अमला।

शहर के बीचों-बीच बसे नेहरू नगर क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अतिक्रमण पर आखिरकार निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाई। रविवार की सुबह नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर पहुंची और रेलवे पटरी के किनारे किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी, और टीन शेड बनाकर कब्जा किया जा रहा था। इन अवैध निर्माणों के कारण नेहरू नगर के रहवासी परेशान थे। रेलवे की सुरक्षा और आसपास की साफ-सफाई पर भी असर पड़ रहा था। बार-बार समझाइश देने के बावजूद कब्जाधारियों ने जगह खाली नहीं की, जिसके बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। निगम कर्मियों ने जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से सभी अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने के साथ ही मलबा भी उठाकर जगह को साफ किया गया। निगम आयुक्त ने साफ किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ईश्तहार/ आम सूचना

सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम-जांजगीर तहसील - जांजगीर जिला - जांजगीर चाम्पा छ.ग. में सीताबाई राठौर पति नंदकुमार राठौर निवासी ग्राम नंदौर खुर्द तहसील व जिला-सक्ती छ.ग. के नाम पर ख.न. - 4456/6 रकबा- 0.03ए. / 0.012 हे. भूमि स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार विनोद कुमार राठौर पिता बिहारीलाल राठौर, अंकीता राठौर पति विनोद कुमार राठौर निवासी- पुटपुरा तहसील - जांजगीर के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा की गयी है जिसके बयाना स्वरूप राशि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को अदा की जा चुकी है। शेष राशि क्रेता को अदा कर उक्त भूमि का पंजीयन निकट भविष्य में होना है। उक्त भूमि को खरीदी एवं पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति / शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को आपत्ति है तो वह स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति के संबंध में समुचित दस्तावेज प्रकाशन दिनांक से एक सप्ताह के अंदर मेरे निवास स्थान पामगढ़ या कार्यालय व्यवहार न्यायालय पामगढ़ में मुझसे स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय समाप्त होने के पश्चात आपत्ति की जाती है तो उक्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे कार्यालय जारी की जाती है।

अधिवक्ता
संतोष कुमार यादव
व्यवहार न्यायालय पामगढ़
मो. नं. 9827963912

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॅाजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा

**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

टीवी मसाला



# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो



हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?

# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद



किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।

### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गई। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गाड्र्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी



तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।

## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

***मुंबई।** 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यतः रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटोग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।

1 Spet- Janj bhoomi PG-04_Layout 1 9/1/2025 11:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### शासकीय उमावि में पुस्तक वाचन कार्यक्रम आयोजित



**राहौद।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पुस्तक वाचन गतिविधि का आयोजन विद्यालय के सभा कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में नव साक्षर, साक्षर भारत सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया। आमंत्रित सदस्यों को पुस्तकालय से विभिन्न पुस्तकों को वितरित कर वचन कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी विद्यार्थी गण एवं गणमान्य नागरिक एवं पालकों के द्वारा विभिन्न पुस्तकों का वाचन किया गया। लगभग 50 से भी अधिक पुस्तकों के वाचन कराया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से संबंधित विभिन्न पुस्तकों, सिंहासन बत्तीसी, अनमोल वचन ,सेवा सदन ,गोदान पंचतंत्र की कहानी ,मुंशी प्रेमचंद की कहानी, जीत पक्की, रवींद्रनाथ की सर्वश्रेष्ठ कहानी तेनाली रामा की कहानी आदि पुस्तकों का वाचन कराया गया। संस्था के प्राचार्य पीएल कौशिक ने उपस्थित लोगों को राज्य की स्थापना से लेकर आज तक की घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु प्रभारी श्रीमती जागृति निराला एस के कश्यप एवं संतोष कुमार कश्यप को प्रभारी बनाया गया जिनके द्वारा कब-कब क्या-क्या कार्यक्रम होना है उनकी विस्तृत जानकारी बच्चों को एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी विद्यार्थी एवं पालक उपस्थित रहे एवं सभी में कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखा गया।

### कुश बने जनबादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के गौरव कुश पटेल का जनबादी पार्टी छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया है। कुश पटेल का जनबादी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रति लगन एवं निष्ठा को देखते हुए कार्यकारिणी समिति प्रदेश कार्यालय के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने पर कुश पटेल ने कहा कि इस पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के साथ ही जनहित में एक रचनात्मक आंदोलन के रूप में कार्य करेंगे। कुश पटेल ने आगे कहा कि वे सामाज, गांव एवं जिला के अलावा प्रदेश हित के लिए ईमानदारी पूर्वक काम करना है। कुश पटेल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से इष्ट मित्रों के द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त किया गया ।



### सिंधी समाज के युवा नयन को दी गई श्रद्धांजलि



**चांपा।** विगत दिनों स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी द्वारा संयुक्त रुप से एक बैठक का आयोजन कर अहमदाबाद निवासी समाज के युवा नयन संतानी की निर्मम हत्या का पुरजोर विरोध करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। इसके अलावा बैठक में उपस्थित समाज के लोगों द्वारा कैंडल जलाकर दिवंगत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झूलेलाल मंदिर में आयोजित सिन्धी समाज के सभी लोगों ने मौन धारण कर नयन संतानी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थन की। तत्पश्चात मोहन भाईसाहब द्वारा दिवंगत आत्मा के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम में पूज्य सिन्धी समाज के संरक्षक चन्दरमल माखीजा, मोहन भाईसाहब, बस्ती पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मण दास थावानी, सिन्धी कालोनी के अध्यक्ष सुनील साधवानी के अलावा दिलीप मीरचंदानी, लालचन्द धामेचा, लक्ष्मण कृपलानी, सच्चानन्द साधवानी, राजेश साधवानी, मनोज विरानी, अनिल जसवानी, मनोहर जेठानी, अनिल विरानी, सुरेश धामेचा, संजय साधवानी, दिनेश साधवानी, विशाल धामेचा, पंकज साधवानी, योगेश वासवानी, अजय लालवानी, राकेश साधवानी, कृष्णा साधवानी सहित समाज के युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील साधवानी ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन लक्ष्मणदास थावानी ने किया।

## निधन

### त्रिजुगी बाई राठौर



**देवरी सारागांव।** नगर के प्रतिष्ठित महिला श्रीमती त्रिजुगी बाई राठौर का 85 वर्ष की आयु में शनिवार 30 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वैदिक रीति रिवाज के साथ नगर के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में नगर के स्वजन व स्नेहीजन परिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे मणिशंकर राठौर शिव शंकर राठौर की मां थी व सालिकराम मालिकराम केशव की दादी थी।

---

कलेक्टर ने स्कूल परिसर में लगे बिजली खंभों को हटाने दिए निर्देश

# राशन कार्ड में पारदर्शी हो एपीएल बीपीएल पात्र-अपात्र निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 1 सितंबर को कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने राशन कार्ड संबंधी आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि एपीएल और बीपीएल पात्र एवं अपात्र का निर्धारण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी तरह की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए और न ही किसी प्रकार की अनियमितता होनी चाहिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के गरिमामय रूप से मनाने की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाए। महोत्सव का आयोजन दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। पहले दिन मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, दूसरे दिन प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष होने पर छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने जिले में सभी विभागों को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निर्धारित समय में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दौरान जनता को लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं और गतिविधियों का आयोजन करने कहा। उन्होंने डिजीटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइलों का संधारण करने कहा साथ ही शासकीय खरीदी कार्य जीएसटी पंजीकृत विक्रेताओं के माध्यम से ही किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में शासन की योजनाओं से संबंधित सभी जानकारी को अटल पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक प्रविष्टि सही अद्यतन होनी चाहिए। उन्होंने ऑनलाइन एंट्री से संबंधित कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूलों के मरम्मत एवं निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों के मरम्मत के निगरानी के लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है। जिसमे कार्य की प्रगति, गुणवत्ता व पारदर्शिता की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी परिसरों में लगे बिजली खंभों को नियमानुसार हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सुनिश्चित किया जाए कि स्कूल परिसर बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

---



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया 'प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

लायंस डी ए वी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु 'जागरूकता अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

- लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

विद्यार्थियों ने रेलवे स्टेशन से लेकर शास्त्री चौक तक रैली निकालकर संदेश दिया "प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण जोड़ो"। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक , पोस्टर, नारे, और भाषणों के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाली हानियों को बताया गया। उन्होंने समझाया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग न केवल भूमि और जल को प्रदूषित करता है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और जीव-जंतुओं के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कपड़े, जूट तथा कागज के थैलों को अपनाने पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों से प्लास्टिक के सामानों का कम से कम उपयोग करने की अपील की । इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक दिन के लिए प्लास्टिक के प्रयोग न करने हेतु संकल्प भी लिया गया । इस अभियान में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी ने शपथ लिया कि वे "सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे" और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

---

## जिला स्तरीय जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष संघ का गठन





**पामगढ़।** जिले के सभी जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की बैठक सर्किट हाउस जांजगीर में आयोजित की गई। बैठक में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से जिला स्तरीय जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष संघ का गठन किया गया। इस दौरान शादरा सनत देवांगन को जिलाध्यक्ष एवं रूपचंद साहू को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जांजगीर-चांपा जिले के सभी जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की बैठक जांजगीर सर्किट हाउस में आयोजित किया गया। जिसके संघ के संगठन निर्वाचन के संबंध में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से जनपद पंचायत बलौदा के अध्यक्ष शारदा सनत देवांगन को जिला अध्यक्ष एवं पामगढ़ जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रुपचंद साहू को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर रूपचंद साहू ने कहा कि संगठन के निर्माण से निश्चित ही जनपद पंचायत के कार्यशैली में कसावट के साथ-साथ विकास के नए आयाम स्थापित होगे। उपस्थित सभी साथियों ने दोनो नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाईयां एवं शुभकामनाएं प्रषित किए।

- शादरा सनत देवांगन जिलाध्यक्ष एवं रूपचंद साहू बनाए गए जिला

---

## जरुरतमंदों को जीवनदान देने 22 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमशांति भवन सेवाकेंद्र खरौद में 29 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह रक्त दान शिविर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के समाज सेवा प्रभाग एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमशांति भवन में हुआ शिविर का आयोजन

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर पूरे भारत एवं नेपाल के सभी ब्रह्माकुमारी संस्थाओं में एक साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्र कु मंजू दीदी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द यादव, सुबोध शुक्ला उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण ने ऐसे कार्यक्रम हमेशा करते रहने का सुझाव दिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, किसी भी व्यक्ति को जीवन दान दिया जा सकता है, उसके प्राणों की रक्षा होती है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ बीके कृष्णा भाई ने संस्था द्वारा किए जाने वाले जन हित के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ बना रहता है, कैंसर होने की संभावनाएं कम हो जाती है, हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती है। सेवाकेंद्र संचालिका बी के मंजू दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अलग-अलग विंग्स द्वारा पूरे वर्ष भर अनेकों जनहित एवं समाज सुधार के सेवाएं निरंतर चलते रहते हैं। आप ने सुझाव दिया कि नगर पंचायत खरौद एवं ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा संयुक्त रूप से जनहित के सेवाएं करते रहना चाहिए। रक्तदाताओं को लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल के द्वारा निःशुल्क हेलमेट, प्रमाण पत्र सम्मान स्वरूप उपहार में कैबिनेट एडिशनल सेक्रेटरी डॉ कमल छाबड़ा के द्वारा प्रदान किया गया एवं बीके चंद्रकांता बहन द्वारा भगवान शिव का प्रसाद वितरण किया गया। रक्तदान शिविर में 22 लोगों ने रक्तदान किया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग प्रदान किया।



शिविर में रक्तदान करते युवा।

---

## नीट परीक्षा में प्रभात ने पिछड़ा वर्ग केटेगरी में प्राप्त किया 35वां स्थान

**पामगढ़।** ग्राम पंचायत भुईगांव के होनहार छात्र प्रभात कुमार केवट का नीट परीक्षा में आल छत्तीसगढ़ में 85 वां स्थान एवं पिछड़ा वर्ग केटेगरी में 35 वां स्थान के साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर में दाखिला होने पर ग्रामवासियों द्वारा आत्मिक स्वागत किया गया । प्रभात कुमार ने अपना आदर्श और प्रेरणा अपने बड़े पापा सुरेश केवट पिता सुखदेव केवट के कड़ी मेहनत कर होटल के कार्य एवं साफ सफाई देख कर अपने आप को पढ़ लिख कर एक अलग सोसायटी, शिक्षित जीवन जीने के लिए बहुत मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। उनका कहना है कि पढ़ने लिखने से स्वयं के साथ ही साथ घर परिवार, गांव क्षेत्र का सेवा करने का मौका मिल सकता है। स्वागत में प्रमुख रूप से डमरू प्रसाद मनहर पुर्व जनपद अध्यक्ष, समेलाल साहू, अनुज केवट,बृजनंदन केवट, राजेंद्र बंजारे, कालीचरण, बलराम, रामचंद्र यादव उपसरपंच, राकेश केवट सरपंच प्रतिनिधि,रतन लाल टंडन, रामाधार केवट, मनीराम केवट, सुरेश लहरें,सोहित टंडन, कुमार प्रसाद, दिलसाय कुर्रे, सनत केवट,किशन मनहर, विनोद मनहर,जीवन यादव सहित ग्रामवासियों ने अभिनन्दन कर प्रभात के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।



---

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा अकलतरा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य आशीष मिश्रा ने कहा कि खेल जीतने को ही नहीं बल्कि जीवन में हार को स्वीकार करना भी सिखाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी और विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी संजय यादव ने कहा कि जब हम खेलते हैं तो हमारे अंदर अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है।

कार्यक्रम को ग्राम पंचायत अमोरा के सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह उप सरपंच रुपेश निर्मलकर एवं साला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल साहू ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न खेलों कबड्डी 17 ,19 वर्ष , फुटबॉल 17 वर्ष , क्रिकेट 17 वर्ष का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से विकासखंड अकलतरा के कटनई, अमोरा, आर के अकलतरा , हरदी, परसदा, अकलतरी, कटघरी के बालक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार तिवारी , श्रीमती आशा शर्मा , गायत्री कुर्रे , पूरबल प्रसाद देवांगन , मीना राय , ललिता साहू , विश्वनाथ नेताम प्रधानपाठक, श्रीमती विशेश्वरी साहू प्रधानपाठक, दिनेश राज, शिवकुमार वर्मा, बबीता कुर्रे , गोविंद राम पटेल, आर के तिवारी , चंद्रशेखर महतो, स्वर्णा तिवारी, अमन शर्मा , सी पी आदित्य , विवेकव्रत उपाध्याय, खेल शिक्षक छात्र छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

---

## बच्चों की रचनात्मकता ही उनका गढ़ती है भविष्य : हेमलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शनिवार बैगलेस डे को देवकिरारी मिडिल स्कूल में रजत जयंती समारोह का शुभारम्भ हर्षोल्लास से किया गया। इस आयोजन मे संस्था के प्राचार्य सुभाष कश्यप एपीसी समग्र शिक्षा हेमलता शर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगों के माध्यम से छत्तीसगढ की गौरवशाली संस्कृति को उकेरते हुए अपनी प्रतिभा व अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। छात्रा सोनम कश्यप चित्रलेखा दुर्गेश्वरी कश्यप ने बेहतर तरीके से कलात्मक रूप से कार्य कर मनभावन चित्र उकेरे इस मौके पर जिला समग्र शिक्षा की एपीसी हेमलता शर्मा ने बच्चों के चित्रों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की रचनात्मकता ही उनका भविष्य गढ़ती है। इस तरह की प्रतियोगिताएं उनकी प्रतिभा को निखारने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक दीपक भानु, शिक्षिका उपासना शर्मा, सुनीता कश्यप, अनुभव तिवारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।रजत जयंती के मौके पर छठवीं सातवी व आठवी के छात्रो द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी और आकर्षक चित्रकला ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार ने इसे बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी अवसर बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।




छत्तीसगढ़ के गौरवशाली संस्कृति को उकेरते बच्चे।

---

अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का द्वितीय दिवस

## परमात्मा को पाने की सीढ़ी है सत्य: पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय उद्योगपति सज्जन अग्रवाल द्वारा पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धान्तर्गत हेतु अपने निवास स्थान पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचक व जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता ने कपिल गीता, शिव-सती चरित्र और भरत चरित्र पर अपना व्याख्यान दिया।

सायं 4 बजे से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस उन्होंने कहा कि प्रेम परिवार रूपी गाड़ी की धुरी है। परिवार और खासकर दाम्पत्य जब भी टिकेगा, प्रेम पर टिकेगा। समझौतों पर टिका हुआ दाम्पत्य सुख नहीं दे सकता। छल-कपट, और झूठ ये सब रिश्तों को तोड़ देते हैं। वैसे ही जैसे कि दूध में खटाई की एक बूंद भी पड़ जाने पर वह फटकर किसी काम का नहीं रहता। इसलिए परिवार में हमें प्रेम और सत्य को बचाये रखना होगा। जीवन में जितना अधिक सत्य होगा, हम उतने ही परमात्मा के अधिक निकट होंगे। सत्य परमात्मा को पाने की सीढ़ी है। धुरव चरित्र को समझाते हुए पं. मेहता ने कहा कि संसार के पीछे भागने से अच्छा है कि हम परमात्मा के पीछे दौड़े उसके मिलते ही दुनिया हमारे पीछे दौड़ेगी। जिसके जीवन में परमात्मा घट जाये उसको संसार के पीछे दौड़ने की जरूरत नहीं रहती। फिर संसार ही उसके पीछे भागता है। बच्चों के लालन-पालन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में बच्चों के लालन-पालन के दो ही तरीके हैं- या तो उनको रूचि से पाला जाये या नीति से पाला जाये। जो माता-पिता अपने बच्चों को रूचि से पालेंगे वो बच्चे जीवन में सफलता तो प्राप्त कर सकते हैं पर अशांत ही रहेंगे। वहीं नीती से पाले गये बच्चे धुरव की तरह परमात्मा को पाकर शांति भी प्राप्त कर लेंगे। जन्म से कोई योग्य नहीं होता, उसे योग्य बनाना पड़ता है। पं. मेहता ने शिव-सती चरित्र और भरत चरित्र पर भी उपस्थित श्रोताओं को अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। दूसरे दिन की कथा के सायं 7 बजे विश्राम के पश्चात श्रीमद् भागवत महापुराण की आरती कर आयोजक अग्रवाल परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अग्रवाल परिवार से सज्जन अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल सहित उनके पुत्र प्रतीक अग्रवाल, प्रवीर अग्रवाल तथा निकेत अग्रवाल सपरिवार तथा छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं चांपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनोज मित्तल व नगर के प्रतिष्ठित नागरिकगण बड़ी संख्या में कथा श्रवण हेतु मौजूद थे। मंगलवार 2 सितम्बर को तीसरे दिन की कथा में पं. मेहता जड़ भरत, अजामिल प्रसंग तथा प्रहलाद नरसिंह अवतार पर अपना व्याख्यान देंगे।



व्यास पीठ से कथा श्रवण कराते पं. विजय शंकर मेहता।

